हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

09 पीएमश्री स्कूल में नये छात्रों का स्वागत कर प्रवेश...


10 अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण एकता परिषद ने ...




## खबर संक्षेप

### सटोरिया बाबू खेमानी जेल दाखिल

**रायपुर।** करोड़ों रुपए का ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार बाबू खेमानी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। बाबू खेमानी के साथ सट्टा संचालित करने में मदद करने वाले उसके भाई तथा एक अन्य फरार कर्मचारी की पुलिस पतासाजी कर रही है। पुलिस पूछताछ में बाबू ने सट्टे को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पूछताछ में बाबू के संपर्क में रहने वाले कई बड़े कोराबारियों की जानकारी पुलिस को मिली है।



### आईपीएल सट्टा खिलाते धरे गए तीन सटोरिए



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सटोरिये आईपीएल क्रिकेट मैच में अपने मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पकड़े गए हैं। सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने अनिल रंगतानी, दिन्नांशु रंगतानी तथा हर्षित मोटवानी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने चार मोबाइल के साथ दस हजार रुपए भी जब्त किए हैं।

### मस्जिद परिसर में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने मस्जिद परिसर में चोरी करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की लिफ्ट प्लेट, हैंडल, वायर सहित अन्य सामान जब्त किए हैं। फिरोज गांधी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के आरोप में अर्जित देवार, शत्रुघन उर्फ बठवा देवार को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने 17 अप्रैल को तड़के चार से पांच बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### आपसी रंजिश पर रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर।** कबीर नगर थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनडोंगरी, देवार मोहल्ला निवासी अरुण कुमार पवार ने महावीर यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अरुण ने पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के चलते महावीर ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# भीषण गर्मी में तीन माह का राशन लेने हितग्राहियों में मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत तीन माह का राशन एक मुश्त वितरण किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक हितग्राहियों को तीन माह का चावल दिया जाना है। इसी बीच हितग्राही अपना राशन समय सीमा पर ले लेवें, जिसके चलते राशन दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। वहीं यहां पर राशन दुकान के सेल्समैन को चावल वितरण के लिए एक हितग्राही के छः बार थम्ब लिया जा रहा है, जिससे वितरण में समय लग रहा है। वहीं भीषण गर्मी के कारण दुकान के सेल्समैन और हितग्राही दोनों हलाकान हो रहे हैं। शहर की 17 दुकानों में कई दुकानें ऐसी है, जहां अब तक पचास से साठ प्रतिशत ही वितरण हो पाया है। वहीं अब केवल नौ दिन शेष बचे हैं। इसी बीच बचे हितग्राहियों को चावल दिया जाना है। वहीं प्रशासन इस बात को लेकर मानिटरिंग भी की जा रही है कि कोई भी हितग्राही राशन से वंचित न रहे रहे, बावजूद उसके दुकानों में वितरण व्यवस्था देर शाम तक चलने के बाद भी हितग्राही राशन दुकानों में जल्दी से जल्दी चावल लेने की होड में तपती गर्मी में अपनी बारी आने इंतजार में बैठे रहते हैं। गांधी मंदिर वार्ड के राशन दुकान में चार वार्ड के लगभग 2200 हितग्राही है। शहर की दुकानों में सबसे अधिक कार्ड संख्या उसी दुकान में है, जहां राशन वितरण मे समस्या हो रही है।

## एक हितग्राही का 6 बार लग रहा थम्ब, दुकानों में भारी भीड़

### धीमी वितरण प्रक्रिया से हितग्राही परेशान

एक सैल्समैन दिन भर में 50-60 लोगों को ही राशन वितरण कर पा रहा है। वहीं उस दुकान में सुबह से ही लाईन लग जाती है, जो दुकान बंद होने तक हितग्राही दुकान में डटे रहते हैं। वे इस बात को लेकर चिंतित है कि तारीख खत्म होने से पहले उन्हें उनका राशन मिल जाये।



### व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

राशन वितरण व व्यवस्था के संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया अप्रैल माह की आखरी तारीख तक सभी हितग्राहियों को राशन का विरतण कर दिया जायेगा, किसी भी हितग्राही को परेशान होने की जरूरत नहीं है। गर्मी ज्यादा है, हितग्राही अपने आपको सुरक्षित रखते हुए राशन ले। वहीं राशन दुकानों में पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है। दुकानों की सतत मानिटरिंग की जा रही है। कोई भी राशन लेने से वंचित न हो। गांधी मंदिर वार्ड के राशन दुकान में बुधवार से एक और मशीन की व्यवस्था की जा रही है, जहां दो मशीनों से चावल का वितरण का किया जायेगा, जिससे जल्दी वितरण कार्य हो सकेगा।

## समस्या : तहसीलदार से शिकायत के बाद भी नहीं मिला समाधान

# बिना मुआवजे सड़क निर्माण से किसान नाराज, काम रुकवाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम पड़कीडीह से हिरमी मोहरा तक सडक निर्माण में रावन क्षेत्र के सड़क निर्माण को लेकर किसानों में नाराज़गी देखने को मिल रही है। प्रभावित किसानों का कहना है कि इस सड़क का निर्माण पहली बार लगभग 40–45 वर्ष पूर्व वर्ष 1974-76 के आसपास किया गया था, उस समय भी उनकी निजी जमीन पर सड़क बनने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया गया। आज भी उक्त सड़क पर इन्हीं प्रभावित किसानों का नाम दर्ज है, अभी भी उसका नक्शा नहीं काटा है। पटवारी रिकॉर्ड में पगडंडी के रूप में दिखाई जा रही है उक्त सड़क। अब वर्तमान में उसी सड़क का पुनः निर्माण एवं कहीं-कहीं चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन इस बार भी मुआवजा नहीं मिलने से किसान आक्रोशित हैं।

करीब 10 प्रभावित किसानों ने तहसीलदार को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया है कि जिस भूमि पर सड़क निर्माण हो रहा है, वह आज भी राजस्व रिकॉर्ड में संबंधित किसानों के नाम दर्ज है। रिकॉर्ड में उक्त भूमि को ▶▶ शेष पेज 08 पर

## 3 दिन में निकासी व्यवस्था नहीं बनी तो आंदोलन

### किसानों को हुआ नुकसान

रावन ग्राम से किसान रामनारायण, रामबरन, सुरेंद्र वर्मा, नाथूराम वर्मा, मुरीत, रविंद्र वर्मा, नाथू, धुरंधर तथा तिल्दाबांधा के मुकेश वर्मा, झावेश वर्मा, संदीप वर्मा, भागवत वर्मा सहित अन्य किसानों ने बताया कि आज भी उक्त भूमि का नक्शा नहीं कटा है और पगडंडी के रूप में ही दर्ज है, जबकि वर्षों से वहां सड़क बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान कई स्थानों पर किसानों के खेतों में लगे पोल और तार को ठेकेदार द्वारा तोड़ दिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है, लेकिन उसका कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।



### सड़क निर्माण सामग्री से फसल प्रभावित

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पहले आश्वासन दिया गया था कि सड़क निर्माण से संबंधित कोई भी सामग्री खेतों में नहीं डाली जाएगी, लेकिन इसके बावजूद मुरूम और वेस्ट मटेरियल खेतों में डाला जा रहा है, जिससे उनकी फसल प्रभावित हो रही है। साथ ही जहां पहले पानी निकासी के लिए पुलिया या पाइप लाइन लगी हुई थी, वहां अब तक नई पाइप लाइन नहीं डाली गई है, जिससे भविष्य में जलभराव की स्थिति बनने की आशंका है।

### भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी

प्रभावित किसानों की सूची तहसीलदार कार्यालय के माध्यम से प्राप्त हुई है। यदि किसी गांव के किसी प्रभावित किसान का नाम सूची में छूट गया है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं या संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पटवारी की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा और नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

-**विश्वनाथ कुर्रे**, लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर

### मुआवजा प्रदान किया जाएगा

पुराने दस्तावेजों का मिलान करने के बाद यदि किसी किसान को मुआवजा नहीं मिला होगा, तो उसे मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

- किशोर कुमार वर्मा, तहसीलदार

## कोरबा-यलहंका—कोरबा के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कोरबा–यलहंका(बेंगलुरु)–कोरबा के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

■ ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों को मिलेगी कंफर्म बर्थ के साथ सुगम यात्रा सुविधा

गाड़ी संख्या 08261 कोरबा- यलहंका(बेंगलुरु)– समर स्पेशल ट्रेन कोरबा से 2 मई को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)–कोरबा समर स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 मई को चलेगी।

इस गाड़ी में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 10 स्लीपर, 04 एसी-III सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गाड़ी का समय-सारिणी गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका(बेंगलुरु) समर स्पेशल ट्रेन 2 मई को कोरबा से 9 बजे रवाना होगी जो चांपा बिलासपुर, भाटापारा में रूकते हुए रायपुर प्रस्थान कर यलहंका स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका(बेंगलुरु)-कोरबा समर स्पेशल ट्रेन 3 मई को यलहंका से 21 बजे रवाना होकर कोरबा स्टेशन पहुंचेगी।

# चूलमाटी की रात सड़क हादसे में दूल्हे के छोटे भाई की मौत, परिवार में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

मां-बाप और भाई के लिए इससे बड़ा दुख और क्या हो सकता है कि चूलमाटी के दिन ही शादी की खुशी अचानक मातम में बदल गई।

दरअसल चूलमाटी के दिन देर रात ही दूल्हे के छोटे भाई की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई, जिससे शादी की खुशी चंद लम्हों में ही मातम में तब्दील गयी। वहीं वाहन चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस से लवन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल हुए युवक की स्थिति को देखते हुए उन्हें बलौदाबाजार के निजी हॉस्पिटल रिफर किया गया। लवन पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लेते हुए शव को पीएम करने के बाद उनके परिजनों को दिया है।

■ दो लोग बाइक से रात में मुंडा से लवन जा रहे थे, उसी दौरान हुआ हादसा



जहां अत्यधिक रक्त बहने व गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके परिजन जिला मुख्यालय के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराये है। जहां अभी भी युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। विवेचना अधिकारी एएसआई मोहित मलिक ने बताया कि सड़क दुर्घटना देर रात होने के कारण अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं।

### एक गंभीर घायल

जानकारी के अनुसार लवन थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडा में राधेश्याम निषाद के बड़े बेटे रामबदन निषाद की 19 अप्रैल से शादी कार्यक्रम था। 19 अप्रैल को चूलमाटी कार्यक्रम के दिन ही दूल्हा रामबदन निषाद का छोटा भाई श्याम बदन निषाद 18 वर्ष मुंडा गांव के ही शनि पिता ईश्वर विश्वकर्मा के साथ रात 11 बजे सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 22 एस 7006 में मुंडा से लवन जा रहे थे कि कोलिहा बस्ती मोड़ जाने के पहले नीलमणि वर्मा के घर के पास किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही श्यामबदन निषाद की मौत हो गई। वहीं वाहन चला रहे शनि विश्वकर्मा का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सहयोग से 108 एंबुलेंस में लवन अस्पताल ले जाया गया।

## 110 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**सिमगा।** क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और परिवहन के खिलाफ सिमगा पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो अपनी मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहा था।पुलिस थाना से प्राप्त सूचना के आधार पर तिल्दा ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए आरोपी कुंदन धृतलहरे 24 साल निवासी ग्राम खैरघट थाना सिमगा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 13,200 कीमत मूल्य का 110 पौवा अंग्रेजी शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34 (2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## व्यापम की परीक्षाएं अब प्रातः 10 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के लिये समय प्रातः 10 से 12.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। आगामी 26 अप्रैल को व्यापम द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 में भी यही समय लागू होगा।

■ मंडी बोर्ड की भर्ती परीक्षा में भी लागू होगा यही नियम

जारी दिशा निर्देश अनुसार परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।

अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया जायेगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोषाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोषाक की ▶▶ शेष पेज 08 पर

## पालिका अध्यक्ष ने किया क्यूआर कोड बोर्ड का लोकार्पण

# शहर के 5010 मकानों में नि:शुल्क लगाए जाएंगे क्यूआर बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र में करदाताओं को डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत शहर के 5010 मकानों में क्यूआर कोड युक्त डिजिटल बोर्ड निःशुल्क लगाए जाएंगे, जिससे नागरिकों को घर बैठे ही अपने करों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस योजना का औपचारिक लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### नागरिकों को बड़ी राहत

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इसे जनहितकारी पहल बताते हुए कहा कि यह सुविधा आमजनों को पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान की जा रही है। अब नागरिकों को कर संबंधी जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वे अपने मोबाइल के माध्यम से एक क्लिक में जानकारी प्राप्त कर भुगतान भी कर सकेंगे।

इस डिजिटल व्यवस्था के तहत प्रत्येक मकान के बाहर लगाए जाने वाले क्यूआर कोड को स्कैन कर नागरिक अपने संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य समेकित करों की देय राशि की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही करदाता का नाम और मकान से संबंधित विवरण भी प्रदर्शित होगा। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि कर भुगतान की प्रक्रिया भी सरल और सुगम हो जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी नगरीय निकायों में इस सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डिजिटल क्यूआर कोड बोर्ड के माध्यम से भविष्य में शिकायत दर्ज करने सहित अन्य सेवाओं का लाभ भी नागरिकों को मिल सकेगा।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रवि फेकर, भारत भूषण साहू, राजस्व विभाग प्रभारी प्रसून शर्मा, सतेंद्र सिन्हा, गुरुदत्त तिवारी सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

Appointment

Jai Raj Steel STRENGTH YOU CAN TRUST — URGENT OPENINGS

मेगा वॉक-इन इंटरव्यू : दिनांक: 24 एवं 25 अप्रैल 2026

जय राज इस्पात लिमिटेड
अपने स्टील करियर को दें नई उड़ान!
हमारी तेज़ी से बढ़ती सफलता का हिस्सा बनें

दक्षिण भारत के अग्रणी TMT बार निर्माता, जय राज इस्पात लिमिटेड, अपने 432 एकड़ में फैले आधुनिक इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट (कुरनूल, आंध्रप्रदेश) हेतु अनुभवी उम्मीदवारों की तत्काल भर्ती कर रहा है।

रिक्त पद (Urgent Openings):

- E&I विभाग : SMS / CCM / रोलिंग मिल / सिंटर प्लांट / CMD
  पद : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्रबंधक, तकनीशियन, इलेक्ट्रीशियन
- SMS (स्टील मेल्टिंग शॉप) : BOF / EOF / ZPF / आर्क फर्नेस / LRF / CCM
  पद : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, प्रबंधक, मोल्ड फिटर
- मैकेनिकल मेंटेनेंस : इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, फिटर
- रोलिंग मिल : CNC ऑपरेटर, टर्नर, मिल फिटर, रोल शॉप ऑपरेटर, तकनीशियन
- ब्लास्ट फर्नेस एवं सिंटर प्लांट : मैकेनिकल इंजीनियर, सहायक प्रबंधक, उप प्रबंधक, फिटर

क्यों चुनें कुरनूल? हैदराबाद से मात्र 200 किमी दूरी, बेहतरीन कनेक्टिविटी, उत्कृष्ट स्कूल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं।

स्थान: होटल मयूरा, ग्रेट ईस्टर्न रोड, रायपुर
(राज टॉकीज के पास, ग्रेट बॉम्बे मार्केट)
दिनांक: 24 एवं 25 अप्रैल 2026
समय: सुबह 09:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक
वॉक-इन में शामिल नहीं हो सकते?
अपना CV भेजें: jointheteam@jairajispat.com
आज ही जुड़ें और अपने करियर को नई दिशा दें!

## खबर संक्षेप



### साबुन-डिटर्जेंट उद्योग को जीएसटी में छूट की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल और छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के साबुन एवं डिटर्जेंट उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कपड़े धोने के साबुन पर वर्तमान में लागू जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के नाम ज्ञापन सौंपा। बैठक में वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि इस विषय को सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करते हुए राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।
इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन तारवानी, राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, सलाहकार अमर गिदवानी तथा छत्तीसगढ़ साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माता कल्याण संघ के पदाधिकारी हेमराज कृपलानी, कैलाश राठौर, उत्तमचंद तारवानी एवं प्रकाश माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### तापमान उतरा पर कम नहीं हुआ गर्म हवा का प्रकोप, बुधवार से फिर चढ़ेगा पारा

**रायपुर।** पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में कमी आई, मगर इससे राजधानी समेत प्रदेश के मध्य हिस्से में ग्रीष्म लहर का प्रकोप कम नहीं हुआ। मंगलवार को तापमान कम रहने के बाद बुधवार से पारा पुनः चढ़ने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली अपेक्षाकृत ठंडी हवा के असर से बस्तर समेत अन्य इलाकों में बारिश हुई है। रविवार को प्रदेश का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और रायपुर का पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया था। इस दौरान बस्तर से आने वाली हवा से वहां के मौसम में बदलाव हुआ और हल्की से मध्यम बारिश भी हुई। इसके साथ ही हवा की गति बढ़ने से सोमवार को राज्य के अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट हुई। प्रदेश का सबसे अधिक पारा बिलासपुर का 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं रायपुर का पारा 42.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। तापमान में कमी आने के बाद भी गर्मी के तेवर कम नहीं हुए और लोगों को दोपहर लू के थपेड़े सहने पड़े। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है।

### विभा को मिला आशा किरण सम्मान

रायपुर। रायपुर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष विभा सोनी को आशा किरण सम्मानित किया। पिछले दिनों वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आई 151 प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### युवक के साथ मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** ग्राम सावित्रीपुर में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी यशवंत कुमार जटवार पिता हरिशंकर (32 साल) ग्राम सावित्रीपुर ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसके साथ हीरालाल व अन्य तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 8(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अटैचमेंट समाप्ति का उल्टा असर, दफ्तरों में साफ-सफाई और स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

संलग्नीकरण समाप्त करने के आदेश का पालन करने का विपरीत असर होने लगा है। कर्मचारियों के मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने की वजह से स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों में साफ-सफाई से लेकर कई स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। चिकित्सकों की वापसी के कारण प्रदेश में चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की मानिटरिंग पर भी असर हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने अटैचमेंट में मूल स्थल को छोड़कर मुख्यालय अथवा शहरी इलाकों में ड्यूटी करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और चिकित्सकों की वापसी का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद अधिकतर कर्मचारी अपने मूल पदस्थापना स्थल पर पहुंच गए। काफी संख्या में कर्मचारियों को हटाने की वजह से स्वास्थ्य विभाग का नियमित कामकाज प्रभावित होने लगा है। जिला समेत राज्य के मुख्यालय से कर्मचारियों के लौटने से साफ-सफाई के लिए कर्मचारियों का टोटा होने लगा है। इसके अलावा यहां होने वाले प्रशासनिक कामकाज पर भी इसका असर हुआ है, कई तरह की फाइलें अटक रही हैं। इतना ही नहीं, जिला स्तर पर उपचार व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी कई चिकित्सकों को अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया गया था, वे भी मूल स्थान पर वापस लौट चुके हैं। डाक्टरों का अटैचमेंट समाप्त होने से कई हेल्थ सेंटरों में उनकी संख्या काफी बढ़ गई है, तो कई हेल्थ सेंटर एक-दो डाक्टरों के भरोसे हो गया है।

### कई नहीं लौटे

अटैचमेंट समाप्ति के बाद ज्यादातर कर्मचारी अपने मूल विभाग में वापस लौट गए मगर जिनकी जान-पहचान ऊपर तक निकली वे आदेश को दरकिनार करते हुए अपने पुराने स्थान पर जमे हुए है। कई ऐसे भी कर्मचारी सामने आए जिन्होंने आदेश के बाद लंबी छुट्टी का विकल्प भी चुन लिया है। इसके अलावा कई कर्मचारी इस्तीफा देने जैसा मूड भी बना रहे हैं।

### मूल पदस्थापना स्थल पर वापसी से स्वास्थ्य योजनाओं की मानिटरिंग पर असर



### नियम शिथिल होने का इंतजार

अटैचमेंट के इस आदेश का प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा भी विरोध किया जा चुका है। इसके अलावा अधिकारी भी दबी जुबान में इस आदेश को सही नहीं मान रहे हैं मगर विभागीय होने के कारण इसे लागू भी किया है। आदेश के बाद मूल विभाग में वापस लौट चुके अधिकारी कर्मचारी नियम शिथिल होने का इंतजार भी कर रहे हैं।

## हरिभूमि ने राजधानी में संचालित ऐसे कुछ कैंप एवं सीएससी केंद्र में जाकर पड़ताल की

# ई-केवायसी कराने में छूट रहा हितग्राहियों का पसीना नाम में त्रुटि सहित अन्य कारण से थोक में हो रहे रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही महिला हितग्राहियों के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत रायपुर जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चयनित सीएससी केंद्र एवं सामुदायिक भवनों में कैंप लगाकर महिलाओं का ई-केवायसी कराया जा रहा है। इसके लिए सभी चयनित कैंप में महिलाओं की दिनभर केवायसी कराने के लिए भीड़ भी लग रही है। हरिभूमि ने सोमवार को राजधानी में संचालित ऐसे कुछ कैंप एवं सीएससी केंद्र में जाकर पड़ताल की। इस दौरान पता चला कि केवायसी के दौरान कई हितग्राहियों के नाम भी रिजेक्ट हो रहे हैं। ज्यादातर रिजेक्ट का कारण हितग्राही के नाम में त्रुटि तथा पुराना आधार कार्ड है, जिसमें हिन्दी में पूरा नाम लिखा हुआ है। महिला का नाम हो या सरनेम, मात्रा में छोटी से छोटी त्रुटि होने पर भी पोर्टल में हितग्राही का नाम शो नहीं कर रहा है। हालांकि केवायसी करने वाले ऑपरेटरों के अनुसार रिजेक्ट होने के बाद भी पंजीकृत आईडी नंबर के आधार पर हितग्राहियों का केवायसी किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र से महिलाएं आईडी नंबर प्राप्त कर सकती हैं।



### छोटी से छोटी त्रुटि के कारण पोर्टल में हितग्राही का नाम ही शो नहीं हो रहा

महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही कई हितग्राहियों का नाम ही पोर्टल में शो नहीं कर रहा है। इसका कारण उनके नाम में छोटी से छोटी त्रुटि होना या फिर हिन्दी में जो नाम लिखा है, उसके अनुसार अंग्रेजी में उस नाम की स्पेलिंग मिस्टेक होना बताया जा रहा है। टिकरापारा क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित शिवम सीएससी केंद्र में देखने को भी मिला। यहां केवायसी का कार्य करने वाले एक कर्मी ने बताया कि इस तरह के लगभग 50 हितग्राहियों के नाम रिजेक्ट हो चुके हैं, जिनमें से 20 से 25 हितग्राहियों ने नाम सही कराकर केवायसी करा लिया है। इधर सूत्रों के अनुसार जिलेभर में केवायसी की प्रक्रिया के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के नाम रिजेक्ट हुए हैं। इन महिलाओं के नाम क्यों रिजेक्ट हुए तथा कितनी महिलाओं ने त्रुटि सुधार या पंजीकृत आईडी नंबर के माध्यम से दोबारा नाम जोड़वाकर ईकेवायसी करा लिया है। इस आकड़ों की जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर से मोबाइल पर संपर्क साधा, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया।

### भीड़ के कारण आवेदन देने के कई घंटों बाद लग रहा नंबर

महिला एवं बाल विकास विभाग दफ्तर से मिली जानकारी के अनुसार ईकेवायसी कराने के लिए जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को कार्य सौंपा गया है। ई केवायसी का कार्य बायोमेट्रिक प्रणाली से होना है। इसके लिए हितग्राही का आधार नंबर को महतारी वंदन योजना के पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक हितग्राही का थंब लिया जा रहा है। अगर किसी हितग्राही का फिंगर काम नहीं कर रहा है, तो आंखें स्कैन करके केवायसी किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में वैसे तो महज 2 से 5 मिनट ही लगते हैं, लेकिन सर्वर प्रॉब्लम, तकनीकी दिक्कत, हितग्राही का फिंगर नहीं लेना सहित अन्य कारणों के कारण 10 से 15 मिनट तक एक केवायसी में लग रहा है। इसके कारण कई हितग्राहियों को आवेदन करने के कई घंटों के बाद या दूसरे दिन भी केवायसी कराने बुलाया जा रहा है।

# पानी की समस्या को लेकर मटका लेकर प्रदर्शन, जोन 3 कार्यालय का किया घेराव

नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड और शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में पेयजल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम जोन 3 के तीन वार्डो में पेयजल की समस्या को लेकर सोमवार को प्रभावित इलाके के रहवासियों ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में शंकर नगर स्थित जोन कार्यालय का घेराव किया। मटका लेकर जलसंकट के विरोध में जमकर नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने जोन कमिश्नर प्रीति सिंह को जल संकट की समस्या दूर करने ज्ञापन सौंपा।

दरअसल, नगर निगम जोन 3 के खम्हारडीह बस्ती, सेल टैक्स कालोनी, गीतांजलि नगर, गुरू गोविंद सिंह वार्ड के झंडा चौक, जगन्नाथ नगर, काली नगर सहित अन्य इलाकों में जल संकट से वहां के रहवासी परेशान हैं, निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनके पानी की समस्या दूर नहीं हुई है। शंकर नगर के न्यू शांतिनगर और गोरखा कालोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। पानी की किल्लत दूर करने की मांग को लेकर जोन 3 कार्यालय का घेराव करने पहुंचे महिलाओं और युवाओं ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। भुक्तभोगियों ने शक्ति नगर, तरूण नगर, भारतमाता चौक में नलों से पानी का प्रेशर कम आने और नल खुलने के समय को लेकर ऐतराज जताया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने शंकरनगर के जोन दफ्तर में जोन अधिकारी के समय पर उपस्थित नहीं रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ शहर की जनता पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटक रही है, वहीं लोगों की समस्या सुनने के बजाए जोन के अधिकारी दफ्तर छोड़कर सरकारी कार्यक्रम में गए हैं, यह सरासर गलत है। हमारी मुख्य मांग ये है जोन 3 के जल संकट प्रभावित वार्डो में नियमित रूप से जल आपूर्ति की जाए, साथ ही पाइप लाइन मरम्मत का कार्य प्रमुखता से कराए जाएं। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटों के भीतर यदि इन वार्डो में जल आपूर्ति सुधारी नहीं गई तो नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने जोन 3 आयुक्त को मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके जोन 9 के पूर्व जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, पूर्व एमआईसी सदस्य व गुरूगोविंद सिंह वार्ड के पूर्व पार्षद मिलिंद गौतम, दीपक मिश्रा, राकेश धोतरे सहित संबंधित वार्ड के रहवासी और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन अलर्ट, उच्च जोखिम क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा उपाय करने निर्देश

## हीटवेव की स्थिति को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने कहा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन अब अलर्ट हो चुका है। कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले में संभावित लू (हीटवेव) की स्थिति को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने एवं व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, लू चलने की संभावना को ध्यान में रखते हुए समन्वित कार्ययोजना लागू की जा रही है, जिससे जनहानि एवं स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को न्यूनतम किया जा सके। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील आबादी की पहचान कर विशेष सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए हैं।



भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट प्रणाली के अनुसार रेड, ऑरेंज, येलो एवं सामान्य स्तर की चेतावनियों पर गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जिले के सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, पार्क एवं सरकारी कार्यालयों में शीतल जल केंद्र (प्याऊ) स्थापित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को निर्बाध रखने तथा नगर निगम के माध्यम से टैंकरों द्वारा जल वितरण की व्यवस्था की जा रही है, साथ ही श्रमिकों एवं राहगीरों के लिए छायादार अस्थायी विश्राम केंद्र (कूलिंग शेल्टर) बनाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पतालों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाएं, आई.वी. फ्लूड्स, ओआरएस पैकेट एवं कूलिंग ट्रीटमेंट सुविधाएं उपलब्ध रहें। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हीटवेव प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा एम्बुलेंस सेवाओं को भी आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।महिला एवं बाल विकास विभाग को गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं कुपोषित बच्चों की विशेष निगरानी करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में ओआरएस एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टीएचआर वितरण के दौरान महिलाओं को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर मिस्ट स्प्रे एवं वाटर स्प्रिंकलिंग की व्यवस्था, निर्माण स्थलों एवं ईंट भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष सतर्कता, तथा जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।

# करोड़ों की शासकीय जमीन की कहीं हेराफेरी कहीं कब्जा, प्रकरण बने लेकिन कार्रवाई शून्य

## राजस्व न्यायालयों में शासकीय जमीन की खरीदी-बिक्री, कब्जा के प्रकरण डंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तत्कालीन कांग्रेस के शासन काल में राजधानी रायपुर सहित जिले के कई ग्रामों में चारागाह, खेल मैदान, तालाब, मुक्तिधाम सहित अन्य कई शासकीय जमीनों की हेराफेरी करने से लेकर कब्जा के मामले में उजागर हो चुके हैं। इनमें से कई मामलों में तो तहसील न्यायालयों में प्रकरण भी दर्ज हैं, लेकिन इन प्रकरणों में ना ही सुनवाई हो रही है और न ही राजस्व अधिकारियों द्वारा इन प्रकरणों में सख्ती से जांच कराई जा रही है। परिणाम स्वरूप शासकीय जमीनों की हेराफेरी एवं कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है। ऐसा ही एक मामला खरोरा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरहदा का सामने आया है, जहां लगभग 400 एकड़ शासकीय भूमि पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिसकी शिकायत पिछले वर्ष गांव के सरपंच ने स्वयं तहसीलदार एवं एसडीएम तिल्दा से की थी। इस शिकायत पर इस मामले में कछुआ गति से जांच की जा रही है, वहीं कब्जा भी अभी तक हटाया नहीं गया है।

### सीमांकन कराया जा रहा

शासकीय जमीनों पर कब्जा की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। फरहदा में 3 से 4 सौ एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत पर सीमांकन कराया जा रहा है। सीमांकन और जांच के अनुसार खाली कराई जाएगी शासकीय जमीन। भाठागांव जमीन के मामले में एसडीएम कोर्ट में प्रकरण लंबित है।

- कीर्तिमान सिंह राठोर, अपर कलेक्टर (राजस्व)



### भाठागांव में फाइल दो साल से डंप

भाठागांव स्थित 63 एकड़ चारागाह की शासकीय जमीन की हेराफेरी के मामले की फाइल भी पिछले दो वर्ष से रायपुर तहसील में एसडीएम के कोर्ट में डंप पड़ी हुई। इस प्रकरण में न ही सुनवाई हो रही हैं और न ही जमीन के पुराने रिकार्ड में दर्ज 173 किसानों के हटाए गए नाम या उनके वंशावलियों के नाम रिकार्ड में पुनः चढ़ाए गए हैं।

### उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच कराने की मांग

इस मामले में गांव के सरपंच संजय साहू ने बताया कि करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा हुआ है। इस कब्जा के कारण गांव में शव दफनाने के लिए तक जगह नहीं बची है। लोगों को तालाब पार जाकर शव को दफनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में उच्च स्तरीय टीम गठित कर जांच करानी चाहिए, ताकि शासकीय जमीन को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी जमीन शासकीय है, इसका रिकार्ड में चढ़े दस्तावेज हैं। कब्जारहित जमीन चारागाह, तालाब, मुक्तिधाम, खेल मैदान, सड़क सहित अन्य कार्य के लिए आरक्षित है।

### अधिकारी गंभीर नहीं एक पटवारी-आरआई से कराई जा रही जांच

ग्राम फरहदा में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत को लेकर राजस्व अधिकारी कितने गंभीर है। यह इस मामले में की जा रही जांच से पता चलता है। एसडीएम तिल्दा तक पहुंची इस शिकायत के बावजूद इस मामले में पिछले कई महीनों से सिर्फ एक पटवारी और एक राजस्व निरीक्षक के माध्यम से ही जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। यहीं कारण है कि अभी तक लगभग 80 एकड़ भूमि का ही सीमांकन किया जा सका है। सीमांकन में यह पूरी जमीन शासकीय पाई गई है। इस क्षेत्र के तहसीलदार मंडाई ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जमीन बहुत बड़ी है, इसलिए सीमांकन में समय लग रहा है, क्योंकि उनके पास राजस्व के दूसरे कार्य भी हैं।

# जनता का विश्वास जीतने पुलिस चला रही संवाद से समाधान जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोगों का विश्वास जीतने पुलिस, कमिश्नरेट के शहर के सभी थाना क्षेत्रों में संवाद से समाधन जन जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जोन टिकरापारा थाना क्षेत्र की कमल हाईट वेलफेयर सोसाइटी की मांग पर कमल विहार सेक्टर-4 में समाज की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं अन्य जनहित विषयों पर पुलिस द्वारा सोमवार को सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में टिकरापारा थाना के टीआई सहित पुलिस स्टाफ के अलावा कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र के स्टाफ ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनने के बाद उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए। साथ ही नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव, नशा मुक्ति तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय रहवासियों से अपील करते हुए कहा कि जन सहभागिता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे ऐसे जनहितकारी जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाएं और समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम में वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास, कमल हाईट के अध्यक्ष विकास मिश्रा, सोसाइटी के पदाधिकारी सहित स्थानीय रहवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# किसानों को रकबे के अनुसार अगले माह से मिलेगी खाद एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पश्चिम एशिया संकट के बीच छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम और खाद आपूर्ति की स्थिति पर राज्य सरकार के अधिकारियों और तेल कंपनियों ने पेट्रोलियम पदार्थों और कृषि उर्वरकों की आपूर्ति व वर्तमान स्थिति की जानकारी साझा की। प्रमुख सचिव कृषि शहला निगार ने बताया कि विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को उनकी भूमिधारिता के आधार पर अनुशंसित मात्रा में ही उर्वरक का विक्रय हो, इसके लिए विभाग द्वारा नई ऑनलाइन व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। मई से इसे प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। नई प्रणाली में एकीकृत किसान पोर्टल,



राजस्व विभाग का भुइंयया पोर्टल और एग्रीस्टैक पोर्टल को इंटीग्रेट किया जाएगा। संवाददाताओं से चर्चा में मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य विपणन प्रभाग इंडियन आयल मध्यप्रदेश राज्य कार्यालय अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में 63.59 लाख घरेलू एलपीजी उपभोक्ता है तथा इन्हें वितरित करने हेतु माह मार्च में एवं अप्रैल में घरेलू एलपीजी की मांग अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। माह मार्च 2026 में 35,000 टन घरेलू एलपीजी की आवश्यकता के विरुद्ध 35,073 टन एवं माह अप्रैल में 19 अप्रैल तक 20.619 टन घरेलू एलपीजी राज्य को प्राप्त हुई है तथा राज्य के सभी 4 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

# खत्म हुआ आठ महीने का इंतजार, आंबेडकर अस्पताल में शुरू हुई हार्ट सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जरूरी सामान के अभाव में पिछले आठ महीने से आंबेडकर अस्पताल में बंद हार्ट सर्जरी के पुनः शुरू होने से मरीजों को राहत मिली है। पिछले पांच दिनों में करीब चार मरीजों की आवश्यक सर्जरी की जा चुकी है। ऑपरेशन का रास्ता खुलने के बाद यहां ओपीडी में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को भर्ती भी किया जाने लगा है।

आंबेडकर अस्पताल में राज्य का एकमात्र कार्डियक सेंटर संचालित होता है। यहां कार्डियक सर्जरी विभाग में आवश्यक सामान का अभाव होने के कारण बाईपास, ओपन हार्ट, वाल्व रिप्लेसमेंट जैसे ऑपरेशन नहीं हो रहे थे। सामानों की सप्लाई पर वेंडर तय करने का मामला फिट नहीं हो पा रहा था।

## चार मरीजों को मिली राहत, जरूरतमंद भर्ती भी होने लगे

### जरूरत संसाधनों से लैस करने की

हृदय संबंधी रोगियों की बढ़ती संख्या और शासकीय सेक्टर में एकमात्र संस्थान होने की वजह से यहां के कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी विभाग में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। मरीजों की आवश्यकता को देखते हुए एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट को तमाम संसाधनों से लैस किए जाने की जरूरत है। उपकरणों के साथ यहां वार्डों के साथ पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था करना आवश्यक है। राज्य शासन द्वारा इस बजट में एसीआई के आधुनिकीकरण के लिए 10 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है।




### किए जा रहे ऑपरेशन

हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए आने वाले मरीजों की आवश्यकता के हिसाब से सर्जरी की जा रही है। ओपीडी में आने वाले मरीजों की सर्जरी जरूरी होने पर एडमिट किया जा रहा है।

- डा. कृष्णाकांत साहू, विभागाध्यक्ष, कार्डियक सर्जरी

इसकी वजह से विभाग में ओपीडी में मरीजों का इलाज तो हो रहा था मगर उन्हें ऑपरेशन के लिए भर्ती नहीं किया जा रहा था। एकमात्र शासकीय संस्थान में जरूरी ऑपरेशन नहीं होने से मध्यम और बीपीएल मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। मजबूरी और अति आवश्यक होने पर उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे थे। मरीजों को होने वाली दिक्कत और स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठने वाले सवाल के बाद जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए वेंडर तय किया गया। आवश्यक उपकरण मिलने के बाद पिछले पांच दिनों में करीब चार मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी पूरी की गई है। इसके साथ ही ओपीडी में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को भर्ती करने के साथ उनके ऑपरेशन की तारीख भी तय की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### सीएसएमसीएल ओवर टाइम भुगतान घोटाला दो गिरफ्तार

**रायपुर।** सीएसएमसीएल के माध्यम से शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के 115 करोड़ रुपए ओवर टाइम भुगतान घोटाला के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी ने मैन पॉवर एजेंसी ईगल के अफसर तथा अकाउंटेट को गिरफ्तार किया है। इन पर 28.80 करोड़ रुपए घोटाला करने का आरोप है। दोनों आरोपियों को जांच एजेंसी ने स्पेशल कोर्ट में पेश कर 27 अप्रैल तक पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की है। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच हुए ओवर टाइम भुगतान घोटाला करने के आरोप में जांच एजेंसी ने मैन पॉवर उपवब्ध कराने वाली कंपनी ईगल के अफसर अभिषेक कुमार सिंह तथा अकाउंटेट तिजऊ राम निर्मलकर को गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा शराब घोटाले की जांज के दौरान 29 नवंबर 2023 को तीन व्यक्तियों से नकद 28.80 लाख रुपए जप्त कर प्रतिवेदन राज्य सरकार के माध्यम से ईओडब्लू, एसीबी को दी गई थी। इसके बाद राज्य की जांच एजेंसी ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद शराब दुकान कर्मियों की ओवर टाइम भुगतान राशि के घोटाले का मामला फूटा था।
ऐसे किया ओटी घोटाला : यह राशि बिलों के माध्यम से मैन पावर एजेंसियों को इस उद्देश्य से भुगतान की जाती थी कि एजेंसियों द्वारा उनके कर्मचारियों को वास्तवित भुगतान किया जाए, परंतु व्यवहार में यह राशि कर्मचारियों को भुगतान न कर एजेंसियों के माध्यम से अवैघ रूप से कमीशन के रूप में निकाली जाती थी।

### पत्रकार को धमकी, पीड़ित ने कलेक्टर से की शिकायत

**बलौदाबाजार।** जिले के एक पत्रकार ने कलेक्टर से शिकायत कर दो व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय समाचार पत्रों के जिला संवाददाता राघवेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि गांधी चौक के एक परिवार के दो भाइयों द्वारा उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है और उन्हें झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें प्रार्थी स्वयं एक प्रकरण में गवाह हैं। इसी कारण उन्हें बयान बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मना करने पर जान से मारने, शहर छोड़ने और झूठे मामलों में फंसाने जैसी धमकियां दी गईं। इस संबंध में पूर्व में भी पुलिस प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जमदरहा चौक भंवरपुर में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में आरोपी नरेंद्र साहू पिता चैतराम (41 साल) ग्राम पुरुषोत्तमपुर के विरूद्ध धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बैधपाली बाजार में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बैधपाली बाजार से 20 अप्रैल को आरोपी विजय भारती पिता दूजेराम (31 साल) निवासी नूनपानी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।





### चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत

# परशुराम जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अक्षय तृतीया पर शहर सहित जिलेभर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, पूजन-अर्चन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

शहर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के तहत सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने भगवान परशुराम के चित्र पर पूजा-अर्चना कर भव्य शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए निकली। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



पूरा शहर भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा नेहरू चौक, गांधी चौक एवं मुख्य मार्ग होते हुए गार्डन चौक स्थित विप्र भवन तक पहुंची, जहां महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। विशेष रूप से चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने स्वागत मंच लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया और जलपान की व्यवस्था भी की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को धर्म और न्याय का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में अशोक तिवारी, धीरज बाजपेयी, अर्पित शर्मा, मिक्की तिवारी, रोहित बाजपेयी, नितिन बाजपेयी, अभिनव मिश्रा, आदित्य बाजपेयी, गजेंद्र तिवारी, आशुतोष मिश्रा, अनुराग पाण्डेय, सत्यप्रकाश, ज्ञान प्रकाश, सतीश पाण्डेय, देवप्रकाश अवस्थी, धनंजय तिवारी, रमेश मिश्रा, मनीष शर्मा, तुलसी प्रसाद मिश्रा, राजेश तिवारी, संतोष तिवारी, शिवशंकर तिवारी, शशिभूषण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छात्रों ने 10 दिवसीय इंटर्नशिप में सीखा स्वास्थ्य के गुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

- जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में मिला प्रैक्टिकल प्रशिक्षण
- स्किल ट्री के सहयोग से आयोजित हुआ इंटर्नशिप कार्यक्रम

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छींद के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण की। प्राचार्य पीतांबर प्रसाद पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ ट्रेनिंग पार्टनर स्किल ट्री द्वारा छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से यह इंटर्नशिप आयोजित किया गया। ट्रेनर भेखलाल साहू एवं सत्यम साहू के नेतृत्व में बच्चों ने अस्पताल की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने मरीजों का बीपी, तापमान चेक करना, दवाइयों की पहचान एवं उपयोग, मरीजों की देखभाल, वार्ड में हाइजीन एवं स्वच्छता बनाए रखना आदि स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण कार्य सीखे।

इंटर्नशिप सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। साथ ही वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.पी. साय, डॉ. रमेश साहू, पैथोलॉजिस्ट, डॉ. सुरेश खूंटे, डॉ. इंदु सोनवानी, श्रिया अग्रवाल, सिस्टर ज्योति स्वर्णकार, फरहा, उमा पटेल आदि चिकित्सकों ने भी छात्रों को समय-समय पर मार्गदर्शन दिया और स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकियों से अवगत कराया।

प्राचार्य पीतांबर प्रसाद पटेल ने कहा कि यह इंटर्नशिप विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रही और इससे उन्हें हेल्थ सेक्टर में करियर बनाने की प्रेरणा मिली है। विद्यालय परिवार ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के समस्त चिकित्सकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। 10 दिवसीय कार्यक्रम में जीवन में आने वाले उपयोगी बातों के साथ साथ समाज में आम लोगों से कैसे मुलाकात करना जो बीमार है उनसे कैसे जुड़ कर समझा जा सकता इन सभी का अपने परीक्षण के दौरान सीखे। प्रशिक्षक भेखलाल साहू ने पूरी जिम्मेदारी और तन्मयता से छात्रों का विशेष सहयोग कर मार्गदर्शन किए।

# चांपा में रात्रिकालीन ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम चांपा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज परगनिहा थे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और उन युवाओं के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए ऐसे आयोजन का होना बहुत जरूरी है। इससे युवाओं में एकता समरसता और एक दूसरे के लिए सहयोग की भावना का विकास होता है। ग्राम चांपा में उदघाटन मैच ग्राम ससहा और ढाबाडीह के बीच खेला गया, जिसमें ससहा की टीम ने विजयी हासिल किया। इस दौरान चांपा के सरपंच प्रतिनिधि शंकर धृतलहरे एवं ग्राम चांपा से थाकेश वर्मा, मनीष साहू, रवि वर्मा, सोमनाथ वर्मा, रमेश वर्मा, शुभम वर्मा, चंद्र किशोर वर्मा, संतोष वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, विजय वर्मा, सीताराम यादव, रोहित कन्नौजे, दुर्गा कन्नौजे, निलेश वर्मा एवं गजेंद्र कन्नौजे उपस्थित थे।

# पीएमश्री स्कूल में नये छात्रों का स्वागत कर प्रवेश पर्व मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन




स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अप्रैल 20 को नवागंतुक छठी कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश पर्व तिलक चंदन लगाकर और मिठाई प्रदान करके शाला प्रवेश मनाया गया। विद्यार्थियों एवं पालकों का स्वागत कर पंजीकरण पुस्तक प्रदान एवं दस्तावेज का कार्य विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष एवं प्रवेश प्रभारी राजेंद्र सिक्का द्वारा पूर्ण करने के पश्चात पालकों एवं विद्यार्थियों की बैठक को प्रभारी प्राचार्य मंदोदरी सेठ ने विस्तार से विद्यालय के शैक्षणिक एवं आवासीय परिवेश मेष व्यवस्था, खानपान सुविधाओं, पालकों के नियम टेलीफोन सुविधा के साथ अनुशासन आदि की जानकारी प्रदान की। बैठक के पश्चात विद्यार्थियों को किताब,स्टेशनरी सामग्री, वेडिंग सामग्री वितरण करके विद्यार्थियों को सदन प्रभारी से परिचय करवा कर सदनों में प्रवेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्येंद्र कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन के रूप में आशीर्वाद प्रदान की और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए और समाज का सेवा करने के लिए उत्साहित की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष राजेंद्र सिका द्वारा किया गया। शाला प्रवेश के कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं जीपी साहू, सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, दुर्गेश चंद्रा, ग्रंथपाल राजेंद्र सिका, हर प्रसाद पटेल, राकेश सिंह, प्रशांत गायकवाड, आदेश गोस्वामि, कृष्ण सूजी, प्रमोद कुमार, स्मिता रानी पिलाई, विशाखा डॉगे, ममता, अर्चना, संदीप मालवीय, रंजन उपाध्याय, कांतिलाल पटेल, पोखर सिंह, रोहित, अनीता ,जीवन, सरजू उपस्थित रहे।

# युवक ने प्रेमिका को इंप्रेस करने दोस्त के साथ मिलकर की बुलेट चोरी

रायपुर। युवती के प्रेम में पागल एक युवक प्रेमिका को आकर्षित करने तथा उसे बुलेट में सैर कराने की चाह में चोर बन गया। युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बुलेट चोरी की। प्रेमी युवक को पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोप में 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। जिस युवक ने बुलेट चोरी की है, वह पेशे से ढोलक वादक है और उसका दोस्त मोबाइल दुकान में काम करता है। गिरफ्तार दोनों युवक का अब तक किसी तरह से कोई क्रिमिनल रिकार्ड नहीं है। बुलेट चोरी करने



के आरोप में पुलिस ने ऋषि शुक्ला तथा रोहितेश चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। ऋषि मंदिर में अपने पिता के साथ ढोलक बजाने का काम करता है। ऋषि का पिता मंदिर में पूजा करने के साथ ही कथावाचक है। ऋषि ने पुलिस को बताया है कि वह एक युवती से प्रेम करता है। अन्य प्रेमी की तरह वो भी अपनी प्रेमिका को महंगी बाइक में सैर कराना चाहता था। इसीलिए उसने अपने मित्र के साथ बुलेट चोरी करने का प्लान बनाया। इसके बाद ऋषि ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कमल विहार में योगेश बांदे के घर के बाहर खड़ी बुलेट चोरी की। ऋषि का पुराना क्रिमिनल रिकार्ड नहीं है और न ही वह अपराधिक प्रवृत्ति का है। ऐसे में उसे बाइक का लॉक कैसे खोलते हैं, इस बात की जानकारी नहीं थी। अपने प्रेमिका के प्यार में पागल ऋषि अपनी प्रेयसी को हर हाल में खुश करने किसी भी हद तक जाने के लिए आतुर था। इसके लिए उसने यू-ट्यूब के माध्यम बाइक का लॉक खोलने का तरीका सीखा और बुलेट चोरी कर अपनी प्रेमिक को इंप्रेस कर पाता, इसके पहले वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## पेज 9 के शेष

### बिना मुआवजे सड़क...

पगडंडी मार्ग के रूप में दर्शाया गया है, जबकि वास्तविकता में लंबे समय से वहां सड़क बनी हुई है और अब उसका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि न तो पहले मुआवजा दिया गया और न ही वर्तमान में कोई भुगतान किया जा रहा है।

इस संबंध में किसानों ने मौके पर पहुंचकर साइट इंजीनियर से बातचीत की और तीन दिन के भीतर पानी निकासी के लिए पाइप लाइन लगाने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर पाइप लाइन नहीं लगाई गई और मुआवज़ा संबंधी उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी प्रभावित किसान एवं ग्रामीण मिलकर आंदोलन करेंगे और सड़क निर्माण कार्य को रुकवा देंगे।

इसी कड़ी में प्रभावित किसान आशा यादव ने भी आरोप लगाया कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान उनके खेत को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने बताया कि खेत में लगे पोल और तार को तोड़ दिया गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की है कि उनकी खेत की बाउंड्री को पूर्व की तरह पुनः स्थापित किया जाए तथा नुकसान का मुआवजा दिया जाए।

### व्यापम की परीक्षाएं ...

अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन का ही उपयोग करना है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सामाजिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी : सांसद जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

छत्तीसगढ़ कनौजे धोबी समाज का वार्षिक उपमहादिवेशन विगत दिनों ग्राम कोसमंदा में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े थे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवर्धन वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा धोबी समाज महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक ग्राम पंचायत कोसमंदा सरपंच पूरईन बाई कन्नौजे उपसरपंच प्रतिमा हेमंत कटियार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि जब तक कोई भी समाज संगठित नहीं होगा समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। समाज को आगे बढ़ने के लिए संगठित होना जरूरी है। वहीं कार्यक्रम का संचालन रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे ने किया। इस दौरान केंद्रीय संरक्षक विजय कन्नौजे, सचिव भुवन कन्नौजे, कोषाध्यक्ष बृजलाल कनौजे, स्वास्थ्य सचिव राजाराम कनौजे, संगठन मंत्री जगदीश कन्नौजे, लवन राजप्रधान चेतन कन्नौजे, सिरपुर राजप्रधान रोहित कन्नौजे, खल्लारी राजप्रधान तुलसराम कनौजे, रायपुर राजप्रधान गोवर्धन कनौजे, अरुण कन्नौजे, लक्की कन्नौजे, ईश्वरचंद्र विद्यासागर कन्नौजे, संतराम, मोतीलाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## कोसमंदा में हुआ धोबी समाज का वार्षिक उपमहाधिवेशन



### शिक्षा, संगठन और सहयोग से ही समाज का विकास संभव

कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि समाज को आगे बढ़ना है तो शिक्षित होना जरूरी है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा समाज का विकास संभव नहीं है। सांसद ने समाज प्रमुखों की मांग पर 10 लाख भवन के लिए देने की घोषणा की।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि धोबी समाज मेहनतकश समाज है समाज अपनी मेहनत की बदौलत अब आगे बढ़ रहे हैं। मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कनौजे के नेतृत्व में समाज विकास की ओर अग्रसर है और समाज को संगठित कर विकास की ओर ले जा रहे हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक ने महिलाओं को समाज की हर बैठक में आने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि महिलाएं अब घर तक सीमित नहीं है। राजनीतिक क्षेत्र हो या सामाजिक क्षेत्र हो अपनी भागीदारी निभा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे ने कहा कि धोबी समाज को जिस तरह शासन प्रशासन से सहयोग मिलना चाहिए उस तरह से नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी मंचस्थ अतिथियों का ध्यानकर्षण करते हुए कहा कि समाज का जो पैतृक काम है धोबी समाज को ही मिले।

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम में फल और शॉल का वितरण

**हिरमी रावन।** ग्राम मोहरा निवासी सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा ने अपने जन्मोत्सव को सेवा भाव के साथ मनाते हुए समाज के बुजुर्गों के बीच खुशियां बांटी। इस अवसर पर उन्होंने बलौदाबाजार स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों को फल एवं शॉल वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान जवाहरलाल वर्मा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने सभी से अपील की कि ऐसे अवसरों पर जरूरतमंदों की सेवा कर उन्हें सम्मान देने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। इस सेवा कार्य में डिगेश्वर यदु एवं आयुष शर्मा भाजपा जिला मंत्री बलौदाबाजार सहित अन्य सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम का माहौल भावुक रहा।

### पीयूष बने भाठागांव भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष

**रायपुर।** काफी लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार रायपुर जिला भाजपा युवा मोर्चा ने अपनी सूची जारी कर दी है। इस सूची में लम्बे समय से राजनीति से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ता पीयूष ठाकुर को भाठागांव के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप मे नियुक्ति मिली तो वहीं लाखेनगर मंडल में कुछ ही समय में पार्टी में अपनी काबिलियत साबित करने वाले चंगोराभाठा निवासी आर्यन मिश्रा को महामंत्री बनाया गया है। वहीं जय शर्मा को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई करते हुए आशीर्वाद दिया और पार्टी के लिए निस्वार्थ काम करने की सीख दी।

### जल संकट प्रशासनिक विफलता का परिणाम

**रायपुर।** इंदिरा नगर, दुर्गा नगर और यादव बस्ती समेत कई इलाकों में लोग घंटों टैंकर का इंतजार कर रहे हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, शहर में पानी की समस्या अब सिर्फ प्राकृतिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार का परिणाम है। निगम की लापरवाही और मिलीभगत के चलते टैंकर माफिया खुलकर मनमानी कर रहे हैं।

## निधन

### डिगेश्वर वर्मा

**बलौदाबाजार।** शहर के सिविल लाइन, परसाभदेर रोड निवासी पत्रकार डिगेश्वर वर्मा 64 वर्ष का निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे यशवंत वर्मा एवं नरेंद्र वर्मा के बड़े भाई तथा पारस वर्मा व अन्नू वर्मा के पिता थे। उनके निधन से पत्रकारों ने शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं।



## पर्व : गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ बारात का स्वागत

# अक्ती पर हुआ पुतरा-पुतरी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा





क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में अक्षय तृतीया पर पारंपरिक पुतरी-पुतरा विवाह का आयोजन किया गया। ग्राम पुरैना, खपरी पुरेना खपरी हुए इस आयोजन में बड़े-बुजुर्गों की मौजूदगी में बच्चों ने पूरे विधि-विधान से रस्में निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत तेल-माटी और चुरानी रस्म से हुई, जिसके बाद हल्दी और मनायन नाच का आयोजन किया गया। महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। गाजे-बाजे के साथ बारात पहुंची, जहां आतिशबाजी और स्वागत के साथ बारातियों का अभिनंदन किया गया। अक्षय तृतीया, जिसे स्थानीय रूप से अक्ती कहा जाता है, को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन को नए कृषि वर्ष की शुरुआत और शुभ कार्यों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। किसान इस अवसर पर ठाकुर देव की पूजा कर बुआई की शुरुआत करते हैं, जिससे फसल को समृद्ध माना जाता है। इस अवसर पर सरपंच रमा रोशन साहू, उप सरपंच चित्ररेखा अखिलेश साहू, जेठू निषाद, सुरेश साहू साधारण साहू, दयालु साहू, राम चरण साहू, राधा साहू, देवसिंह साहू, लखेश्वरी साहू, गणेश निषाद, गीता साहू, कावेरी साहू, शशि साहू, नीरज साहू, सरोजिनी साहू, शकुंतला साहू, बेदन ध्रुव, नंदिनी साहू, संध्या साहू, शिवनारायण साहू, श्याम बाई ध्रुव, गुलशन निषाद, पायल साहू, आकांक्षा साहू, कुमारी साहू, हीराबाई साहू, दुर्गा निषाद महिलाएं, युक्तियां सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण एकता परिषद ने शरबत वितरण किया



**खरोरा।** अक्षय तृतीया पर अखिल भारती ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा सेवा भाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। गर्मी को देखते हुए समाज के सदस्यों ने राहगीरों और आम नागरिकों के लिए शरबत वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया। कार्यक्रम में सर्व अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद छत्तीसगढ़ और समाज के इस प्रयास की सराहना समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस पुण्य कार्य को सफल बनाया। यह आयोजन न केवल सेवा का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और परोपकार का संदेश भी देता नजर आया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा अक्षय तृतीया पर्व पर पं. राजेश पांडेय पं. चेतन द्विवेदी, पं. रामकुमार शर्मा, पं. मथुरेस शर्मा, शर्मा, पं. मनोज शर्मा, शर्मा, रघुवीर दीवान, गणेश मंदिर, पं. कृष्ण कुमार शर्मा, पं. कुसुम शर्मा, पं रजनी शर्मा, पं. सोनम तिवारी सेवा कार्य को तत्परता से पूर्ण किया। विशेष सहयोग हेतु अनिता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, वर्मा मैडम, बुआजी, पांडेय भैया का प्रदेशाध्यक्ष बहन पं. अंजू पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

### अक्षय तृतीया पर सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ

खरोरा। इस वर्ष भी संजीवनी रक्तदाता संघ के संस्थापक एवं प्रेरणा स्रोत स्व. दुर्गेश सिंह चौहान व आसपास के ग्रामीण अंचलों से जुड़े हुए हमारे सदस्य जो आज हमारे बीच नहीं है। उनकी स्मृति में आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कोटा रोड लक्की डेली नीड्स के पास राहगीरों एवं आमजनों के लिए भीषण गर्मी में शीतल पेय जल हेतु सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीवनी रक्तदाता संघ नेवरा के पूर्व मीडिया प्रभारी द्वारा फीता काटकर किया गया, जहां कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान, चुनेश सेन, यशवंत मानिकपुरी, टिकु सेन, हरिश्चंद्र कश्यप, राज सिंह चौहान, हर्ष सिंह चौहान आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# पचरी में भागवत कथा का कलशयात्रा के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के समीप ग्राम पचरी में देवांगन परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 29 अप्रैल तक कथा चलेगी। भव्य कलश यात्रा के साथ गंगाजी का स्वागत करके मंच में लाया गया, और गोकर्ण की कथा व्यास मंच से कठिया नं, 1 वाले पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने कथा वाचन किये। आत्मदेव ब्राह्मण संतान विहीन था। परंतु संतों की संगति और सेवा करने से उनको दिव्य फल की प्राप्ति हुई। ब्राह्मण की पत्नी धुंधली दुष्ट प्रवृत्ती की थी। उसने उस दिव्य फल को स्वयं न खाकर गौ माता को खिला दी। उसे गौ माता ने गाय के कर्ण वाले गोकर्ण पुत्र को जन्म दिया, जो परम ज्ञानी था। आत्म देव की पत्नी धुंधली का पुत्र दुष्ट धुंधकारी हुआ, जो प्रेत योनि प्राप्त करके गोकर्ण के मुख से भागवत की कथा श्रवण करके मोक्ष प्राप्त किया।

भागवत की दिव्य कथा श्रवण करके प्रेत योनि की मुक्ति जब हो जाती है, तो मानव के लिए भागवत की कथा अत्यंत ही लाभदायक है। इसको नियम से करने से दैहिक दैविक भौतिक ताप का शमन होता है। इस घोर कलीकाल में प्रत्येक मनुष्य को भागवत भगवान के शरण में जाना चाहिए। लंबे अरसे के बाद ग्राम पचरी में भागवत की कथा होने से आसपास के गांव वाले और पचरी निवासी अत्यंत उत्साहित है। रामावतार पत्नी हिरौंदी देवांगन द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो लगातार 9 दिन तक के दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक कथा चलेगी। समस्त श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने की अपील की गई है।



### गांव-गांव पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहीं टीमें

**रायपुर।** बस्तर संभाग के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने की दिशा में संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान सकारात्मक परिणामों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर अब तक 4,19,898 से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण (स्क्रीनिंग) किया जा चुका है। जिससे बड़ी संख्या में लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। अभियान के दौरान चिन्हित मरीजों को तत्काल निःशुल्क जांच, दवा एवं उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही गंभीर एवं जटिल मामलों में प्रभावी रेफरल व्यवस्था के माध्यम से अब तक 4,272 मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर कर विशेषज्ञ उपचार सुनिश्चित किया गया है।

# महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष का रुख निराशाजनक : अशोक जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



▪ महिलाओं को 33% भागीदारी देने के प्रयास में सहयोग न देना दुर्भाग्यपूर्ण,

लोकसभा में प्रस्तुत महिला आरक्षण विधेयक को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने विपक्षी दलों एवं कांग्रेस के रुख पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी देने के उद्देश्य से लाए गए इस महत्वपूर्ण विधेयक को विपक्ष का समर्थन नहीं मिलना अत्यंत निराशाजनक है।

अशोक जैन ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से देशभर में बड़ी संख्या में महिलाएं संसद में पहुंच सकती थीं, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलती। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से वे आत्मनिर्भर बनकर समाज और देश के विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकती थीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं के हितों की अनदेखी की है और उनका समर्थन न देना यह दर्शाता है कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर उनकी प्रतिबद्धता केवल दिखावटी है। जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया यह विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन विपक्ष के असहयोग के कारण इसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका।

नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश की महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया गया है, जिसे नारी शक्ति भविष्य में जरूर जवाब देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में महिलाओं के समर्थन से इस विधेयक को पुनः पारित कराने में सफल होगी। अंत में उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश की आधारशिला है और उसके सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है।

### भगवान परशुराम जयंती पर छाछ- फल वितरित

**रायपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सामूहिक आरती के अलावा सुंदर नगर चौक पर केंद्रीय समिति ब्राह्मण समाज द्वारा छाछ एवं फल वितरण किया गया। इसके अलावा आजाद चौक में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन द्वारा भंडारा एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार कालीमाता मंदिर, गोल चौक, डीडीनगर, ब्राह्मण पारा, भनपुरी सहित अनेक स्थानों पर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भनपुरी में भव्य आरती 500 दीपों से की गई। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पार्षद सरिता दुबे, दिवाकर तिवारी, विनय तिवारी, बिहारीलाल शर्मा, राहुल शर्मा, संध्या तिवारी, सतीश सहित युवा ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 'महिला आरक्षण के नाम पर झूठी राजनीति'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



लोकसभा में हाल ही में जिस विधेयक को खारिज किया गया, उसे लेकर भाजपा द्वारा देशभर में यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, कि यह महिला आरक्षण से जुड़ा मुद्दा था और विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया। यह न केवल तथ्यहीन है। बल्कि देश की महिलाओं और लोकतंत्र दोनों का अपमान है। बिलाईगढ़ विधानसभा एवं मंडल भटगांव के कांग्रेस अध्यक्ष रामानंद हिरवानी ने कहा कि महिला आरक्षण कानून 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। इसके विपरीत हाल ही में लोकसभा में जिस विधेयक पर मतदान हुआ और जो खारिज हुआ वह परिसीमन डिलिमिटेशन से संबंधित प्रस्ताव था। इन दोनों मुद्दों को मिलाकर करना एक सुनियोजित राजनीतिक चाल है। जिसका उद्देश्य अपनी विफलता छिपाना और जनता को भ्रमित करना है। भाजपा अपनी हार को छिपाने के लिए महिला शक्ति के नाम लेकर झूठ का सहारा ले रही है। यह अत्यन्त दुर्भाग्य पूर्ण है कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार जैसे गंभीर विषय को भी भाजपा राजनीतिक हथियार बना रही है। यह देश के जागरूक जनता के साथ छल है। अगर भाजपा वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति ईमानदार होती तो महिला आरक्षण कानून को समयबद्ध तरीके से लागू करती लेकिन हकीकत यह है कि इसे लागू करने में लगातार देरी कि गई और अब जब परिसीमन जैसे अलग मुद्दे पर राजनीतिक असफलता मिली तो उसे महिला विरोध का रंग देकर ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। मंडल भटगांव के कांग्रेस अध्यक्ष रामानंद हिरवानी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल का गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। बिलाईगढ़ विधानसभा सहित पूरे क्षेत्र की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और वे सिर्फ घोषणाओं से नहीं बल्कि जमीनी हकीकत से सरकार का मूल्यांकन करेंगी। उन्होंने ने कहा भाजपा को चाहिए कि वह महिलाओं को भ्रमित करने के बजाय उनके सशक्तिकरण के लिए ईमानदारी से काम करे, वरना आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब देगी।




